# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा

(पूर्ववर्ती डा० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज आफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बांदा)

Rajkiya Engineering College Banda

Atarra, Banda – 210201

E-Mail : director@recbanda.ac.in URL www.recbanda.ac.in

Tel: +91 5191 254301 Mob:+91-8765059509


पत्रांकः आर0इ0सी0 / डी0एस0डब्ल्यू / 2023– 405 दिनांकः 11 अक्टूबर,2023

## —:सूचना:—

संस्थान में अध्ययनरत प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण द्वारा प्रदत्त उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 योजना के अन्तर्गत आने वाले पात्र विद्यार्थी उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की वेबसाइट www.scholarship.up.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

छात्रवृत्ति शासन के निर्देशों के अधीन है अतः पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में छात्रवृत्ति पोर्टल पर दिये गये समस्त निर्देशों से भलिभॉति अवगत होते हुये ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें, जिससे कि छात्रवृत्ति प्राप्ति हेतु किसी प्रकार की विसंगति न हों।

तदक्रम में उक्त योजनान्तिर्गत संस्थान में अध्ययनरत समस्त नवीन (Fresh) एवं नवीनीकरण (Renewal) के पात्र विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि शीघ्रातिशीघ्र उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अपना त्रुटि रहित आवेदन कर आवेदन फॉर्म की समस्त प्रपत्रों सहित 02 हार्ड कॉपी अधिष्ठाता छात्र–कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय स्तर से प्राप्त आवेदनो को विनिर्दिष्ट समय से अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सके।

नोटः– समस्त पात्र विद्यार्थी संस्थान में रजिस्ट्रेशन की प्रकिया पूर्ण करने के उपरान्त ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें।

संलग्नक–

1. उ0प्र0 दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2023–24 में पात्र विद्यार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।
2. विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्तिआवेदन फॉर्म के साथ लगाये जाने वाले आवश्यक प्रपत्र।

11/10/2023

(आशीष त्रिपाठी)
अधिष्ठाता छात्र–कल्याण

प्रतिलिपि–

1. अधिष्ठाता शैक्षणिक।
2. कुलसचिव।
3. समस्त विभागाध्यक्ष– इस आशय से प्रेषित कि सभी विद्यार्थियों को सूचित करने की कृपा करें।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
5. समस्त सूचना पट्ट।

(आशीष त्रिपाठी)
अधिष्ठाता छात्र–कल्याण

## उ0प्र0 दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2023–24 में पात्र विद्यार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः–

1. उ0प्र0 छात्रवृत्ति 2023–24 के अन्तर्गत पात्र छात्र छात्रवृत्ति वेबसाइट www.scholarship.up.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते है।
2. छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में छात्रवृत्ति पोर्टल पर दिये गये निर्देशों से भलिभॉति अवगत होते हुए ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करें।
3. विद्यार्थी का बैंक खाता आधार नम्बर से लिंक होना आवश्यक है। अतः सभी विद्यार्थी अपना बैंक खाता आधार नम्बर से लिंक करा लें।
4. बैंक खाते को बैक द्वारा नेशनल पेमेंट करर्पोरेशन ऑफ इण्डिया (NPCI) में मैपिंग भी करा ले, जिससे छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान के समय ट्रांजेक्शन फेल होने की संभावना कम रहे।
5. विद्यार्थी फॉर्म भरते समय किसी भी बैंक व किसी भी जनपद का बैंक अकाउण्ट(जन धन खाता छोडकर) भर सकता हैं।
6. नव प्रवेशित (प्रथम वर्ष एवं लैटरल इन्ट्री द्वितीय वर्ष) के विद्यार्थियों (Fee Waver विद्यार्थी को छोडकर) की वार्षिक नान रिफण्डेबल शुल्क रू0 57165.00 है तथा अन्य द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों की वार्षिक नान रिफण्डेबल शुल्क रू0 56165.00 है।
7. छात्रवृत्ति आवेदन में पिता,माता अथवा अभिभावक के नाम का ही आय प्रमाण प्रमाण पत्र मान्य किया जायेगा।
8. छात्रवृत्ति आवेदन के समय जीरो (0) एवं ओ (o) भरते समय विशेष ध्यान दें।
9. छात्रवृत्ति आवेदन के समय विद्यार्थी स्वयं के आवश्यक दस्तावेज (बैंक डिटेल, विश्वविद्यालय/बोर्ड पंजीयन कमांक, आय, जाति, निवास, आधार नम्बर, शुल्क विवरण आदि) के नम्बर सावधानी पूर्वक भरें।
10. विद्यार्थी द्वारा हॉस्टल फीस जमा करने की स्थिति में ही आवेदन फार्म में आवासीय (हास्टलर) का उल्लेख किया जायेगा।
11. विद्यार्थी द्वारा किये गये आवेदन को सबमिट करने के उपरान्त संस्थान स्तर से किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नही है। अतः छात्रवृत्ति आवेदन में विद्यार्थी द्वारा भरी गयी समस्त प्रविष्टियों हेतु विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
12. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति शासन के नियम/निर्णय के अधीन है। जिसमे कॉलेज स्तर से कोई भी आश्वासन नही दिया जा सकता।

## विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन फॉर्म के साथ लगाये जाने वाले आवश्यक प्रपत्र (स्व प्रमाणित फोटोकॉपी)

1. स्कॉलरशिप फॉर्म प्रिन्ट
2. एलॉटमेंट लेटर
3. प्रवेश परीक्षा परिणाम की छायाप्रति
4. वर्तमान शैक्षिक रजिस्ट्रेशन
5. आय प्रमाण पत्र (पिता,माता अथवा अभिभावक का)
6. आय प्रमाण पत्र (पिता,माता अथवा अभिभावक का) नेट वेरिफिकेशन
7. जाति प्रमाण पत्र
8. जाति प्रमाण पत्रनेट वेरिफिकेशन
9. निवास प्रमाण पत्र
10. निवास प्रमाण पत्रनेट वेरिफिकेशन
11. शुल्क रसीद
12. बैंक पासबुक
13. आधार कार्ड
14. हाईस्कूल मार्कशीट
15. हाईस्कूल मार्कशीटनेट वेरिफिकेशन
16. इण्टर मिडिएट मार्कशीट/डिप्लोमा
17. इण्टर मिडिएट मार्कशीटनेट वेरिफिकेशन
18. गत वर्ष की मार्कशीट
19. गैप का शपथ पत्र 10रू0 के स्टाम्प पेपर में (यदि दो कक्षाओं के बीच गैप हो)
20. शपथ पत्र 10रू0 के स्टाम्प पेपर में (नीचे दिये गये प्रारूप में)।

## पिता/माता/अभिभावक द्वारा देय शपथपत्र (रू0 10/– के स्टाम्प पर)

मै .............................. पुत्र/पुत्री श्री/कु0 ................................आयु..............वर्ष............निवासी.......................
बयान करता/करती हूँ।

1. यह कि मै शपथी उपरोक्त दिये हुये पते का/की निवासी हूँ।
2. यह कि शपथी ................जाति...............उपजाति का/की हूँ जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्देशित सूची के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछडी जाति/सामान्य जाति में आती है।
3. यह कि आवेदक श्री/कु0 ....................मेरा/मेरी ..................है। मै शपथी इसका संरक्षण हूँ तथा वर्तमान में इसका पालन पोषण व पढाई लिखाई इत्यादि का समस्त व्यय वहन करने की पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।
4. यह कि आवेदक श्री/कु0 ....................शैक्षणिक सत्र ................में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा में बी0टेक0 के ..................वर्ष का/की विद्यार्थी हूँ। जिसे किसी अन्य स्त्रोत से भी कोई भी छात्रवृत्ति/फीस प्रतिपूर्ति प्राप्त नही हो रही है।
5. यह कि मै शपथी का व्यवसाय..........................है तथा शपथी की वर्तमान वार्षिक आय रू0............... (शब्दों में)..............................................है।
6. शपथी द्वारा (सक्षम अधिकारी द्वारा) प्रदत्त आय प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से सत्य है।
7. यह कि शपथी की वार्षिक आय रू0.................. से कम से कम होने के कारण अपनी शैक्षिक योग्यता के आधार पर समाज कल्याण अधिकारी उ0प्र0 अर्हत धारण करता है। उक्त छात्रवृत्ति/फीस प्रतिपूर्ति की राशि आवेदक की पढाई पर व्यय की जायेगी।
8. यह कि शपथी एवं श्री/कु0 ..............................समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार द्वारा भी छात्रवृत्ति/फीस प्रतिपूर्ति निर्दिष्ट समस्त नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेगा तथा किसी भी स्तर पर एवं किसी भी समय किसी भी नियम का उल्लंघन की दशा में शपथी स्वयं ही उत्तरदायी होगा एवं छात्रवृत्ति/फीस प्रतिपूर्ति की धनराशि दंड नियमानुसार तत्काल वापस करने हेतु वचनबद्ध है।

**स्थलः** **दिनांकः** **षपथी का हस्ताक्षर**

### सत्यापन

मैं शपथी..............................घोषणा करता/करती हू कि मेरे द्वारा उपरोक्त शपथ पत्र में कम संख्या 01 से 07 में वर्णित तथ्य मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण रूप से सत्य है तथा मेरे द्वारा संदर्भित कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है।

आज दिनांकः ........................................................को आपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

